Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to reserve seats for patients suffering from Parkinson disease in AC (III Tier) coaches in trains

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई-दक्षिण) ः आजकल लोगों को तरह-तरह के रोग हो रहे हैं, इसमें से मुख्यतः एक रोग ूपार्किन्सन ू है। इन रोगियों को वर्तमान में रेलवे ने केवल स्लीपर क्लास में यात्रा करने की सुविधा दी है। पीक सीजन एवं छुट्टियों के समय में रेलवे पूरी तरह से भरी होती है और जनरल टिकट वाले यात्री भी इन आरक्षित डिब्बों में बैठ जाते हैं, जिसके कारण इन रोगियों को टॉयलेट जाने में काफी असुविधा होती है और इस परेशानी से बचने के चक्कर में ये अपनी जान गंवा देते हैं। इन रोगियों की सुविधा के लिए 3 टायर ए.सी. में सीटें आरक्षित करने की जरूरत है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि ूपार्किन्सन ू से ग्रस्त रोगियों के लिए सहयात्री के साथ 3 टायर ए.सी. में कोटे की सीट आरक्षित की जाए, साथ ही स्लीपर क्लास में भी इस कोटे को बढ़ाया जाए।